# HINDI

## Paper 1

(*Two hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Attempt* ***ALL*** *questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** choosing **ONE** Topic from the following :— [25]

नीचे लिखे विषयों में से किसी **एक** पर **हिन्दी** में प्रस्ताव लिखिए :—

(i) अपने विद्यालय के एक ऐसे सहपाठी के गुणों का वर्णन कीजिए जिसे आप अपना मित्र बनाना चाहते हैं ।

(ii) कल्पना कीजिए आप एक विद्यालय की प्रधानाचार्या/प्रधानाचार्य बन गये हैं । इस रूप में आप किस तरह अपने कर्तव्यों को पूरा करेंगे ।

(iii) नीचे लिखी उक्ति को आधार बनाकर एक कहानी लिखिए :—

"मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।"

(iv) किसी रेलवे स्टेशन पर रेलगाड़ी के आने एवं जाने के समय के प्लेटफार्म के दृश्य का वर्णन कीजिए ।

(v) अधोलिखित कथन पर अपने विचार प्रकट कीजिए :—

"पुस्तक एक उत्तम साथी होती है ।"


---

**This paper consists of 5 printed pages and 1 blank page.**



© Copyright Reserved

(vi) नीचे दिये गये चित्र का अध्ययन कीजिए । चित्र का वर्णन कीजिए या उसके आधार पर कोई कहानी लिखिए । आपके प्रस्ताव/कहानी का सम्बन्ध इस चित्र से होना आवश्यक है ।



## Question 2

Write a letter in **Hindi** on any **ONE** of the following topics :— [15]

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में पत्र लिखिए :—

**EITHER**

अपने नगर/क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर, अपने क्षेत्र में 'खाने की वस्तुओं में मिलावट' की घटनाओं के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए ।

**OR**

छात्रावास में रहने वाले अपने भाई/बहिन को पत्र लिखकर 'समय के सदुपयोग' के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।

**Question 3**

Read the passage given below carefully and answer in **Hindi** the questions that follow using your own language as far as possible :—

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए । उत्तर यथासम्भव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

एक बार रोम का राजा एक भीषण रोग से पीड़ित हो गया । उस समय के देश-विदेश के प्रख्यात एवं निष्णात चिकित्सक राजा के उपचार के लिए बुलाये गये । किन्तु अच्छी से अच्छी औषधियों के प्रयोग से भी वे राजा के रोग का निदान न कर सके । राजा का रोग पहले की अपेक्षा और अधिक बढ़ता चला गया । असाध्य रोग के कारण राजा के हृदय में विकलता और राज्य में उदासी छा गई ।

एक दिन एक वृद्ध पुरुष राजा के प्रासाद में आया और उसने रोगग्रस्त राजा से कहा — "राजन् ! एक विशेष औषधि के सेवन से आपका रोग ठीक हो सकता है । यह विशेष औषधि किसी अन्य व्यक्ति के पित्ताशय (पित्त की थैली—'GALL-BLADDAR') से तैयार की जाती है। यह औषधि आपके रोग को मूल से उखाड़ने की क्षमता ही नहीं रखती अपितु आपको चिरजीवी भी बना सकती है।"

वृद्ध के वचनों को सुनकर राजा के निराश मन में आशा का संचार हो गया। उसने वृद्ध के प्रति मन ही मन कृतज्ञता अभिव्यक्त करते हुए राज्य के चिकित्सकों को एक ऐसे व्यक्ति को तलाश करने का आदेश दिया जिसके पित्त की थैली से वह औषधि बनाई जा सके । अन्ततः चिकित्सकों को एक ऐसा परिवार मिल गया जिसे हाथ की तंगी के कारण भरपेट भोजन भी उपलब्ध नहीं होता था। इस परिवार में केवल तीन सदस्य थे — एक लड़का और उसके माता-पिता । चिकित्सकों ने लड़के के माता-पिता को प्रभूत धन का प्रलोभन देकर उनके एकमात्र पुत्र को खरीदने का प्रस्ताव रखा । धन की लालसा ने माता-पिता की आँखों पर पर्दा डाल दिया । उनकी दृष्टि में धन-मोह के सम्मुख पुत्र-मोह फीका पड़ गया और उन्होंने अपने घर के दीपक को चिकित्सकों के हाथों बेच दिया ।

चिकित्सक लड़के को राजा के सामने लेकर आये । राजा ने लड़के की पित्त की थैली को लेने के विषय में राज्य-पुरोहित से विचार-विमर्श किया । पुरोहित ने कहा— "राजन् ! यद्यपि देश सर्वोपरि होता है, किन्तु उसका शासक उससे भी बड़ा होता है; क्योंकि वह देश की रक्षा करता है तथा अहर्निश उसकी समृद्धि के लिए प्रयास करता है । ऐसे शासक के लिए किसी भी व्यक्ति के जीवन की बलि देना कोई अपराध नहीं है ।"

पुरोहित के वचनों को सुनकर लड़के को राजा के सम्मुख खड़ा कर दिया गया । जल्लाद भी तलवार लेकर वहाँ आ पहुँचा । चिकित्सक औषधि तैयार करने वाले उपकरणों को लेकर वहाँ खड़े हो गये । अब राजा के आदेश की प्रतीक्षा थी। उसी क्षण लड़का आकाश की ओर देखकर जोर-जोर से हँसने लगा । उसे हँसते देखकर, सम्राट ने लड़के से हँसने का कारण पूछा । लड़के ने कहा — "जिस देश में माँ-बाप धन के लिए सन्तान को बेचें, पुरोहित निरपराध मनुष्य की हत्या को उचित ठहरायें, देश और प्रजा की रक्षा करने वाला शासक निर्दोष प्राणी कीं जान लेकर अपनी जान बचाये, वहाँ तो ऊपर वाले के न्याय पर ही भरोसा करना पड़ेगा ।"

लड़के की बातों को सुनकर सम्राट की आँखें खुल गईं । उसे अपनी भूल पर पश्चाताप होने लगा । उसका मन ग्लानि से भर गया । उसके अन्तस्तल में मानवता के अंकुर फूट पड़े । उसने जल्लाद को वापिस कर दिया ।

(i) राजा को रोग से छुटकारा दिलाने के लिये क्या-क्या प्रयास किये गये ? उन प्रयासों का क्या परिणाम निकला ? उसके बाद राजा और प्रजा की क्या दशा हुई ? [3]

(ii) राजा के प्रासाद में कौन आया ? उसने किस औषधि का सुझाव दिया, उसको बनाने का क्या तरीका बताया ? उस औषधि के गुणों का उल्लेख कीजिए । [3]

(iii) उस व्यक्ति के वचनों को सुनकर राजा को कैसा अनुभव हुआ ? उसके प्रति राजा ने क्या किया ? उसके बाद राजा ने किसको क्या आदेश दिया ? [3]

(iv) राजा के व्यक्तियों को तलाश करने पर कैसा परिवार मिला ? उस परिवार के कौन-कौन सदस्य थे ? राजा के व्यक्तियों ने उस परिवार को क्या प्रलोभन दिया ? प्रलोभन का उस परिवार पर क्या प्रभाव हुआ और फिर उस परिवार ने क्या किया ? [5]

(v) राजा और पुरोहित में किस विषय पर विचार-विमर्श हुआ ? पुरोहित ने राजा को क्या सलाह दी ? उसके बाद दरबार में क्या घटनाएं घटीं ? [5]

(vi) राजा ने लड़के से क्या पूछा ? लड़के ने क्या उत्तर दिया ? उसके उत्तर का राजा पर क्या प्रभाव हुआ ? उसके बाद राजा ने क्या किया ? [6]

**Question 4**

(A) Give the meanings of any **FOUR** of the words. (Meaning should be according to the word as used in the passage.) [4]

किन्हीं **चार** शब्दों के अर्थ लिखिए । (अर्थ गद्यांश में प्रयुक्त शब्द के अनुरूप होना चाहिए।)

(i) प्रख्यात (ii) असाध्य (iii) प्रासाद (iv) प्रलोभन
(v) विचार-विमर्श (vi) अन्तस्तल ।

(B) Give the antonyms of any **FOUR** of the following words. (Do not give more than one word.) [4]

नीचे लिखे शब्दों में से किन्हीं **चार** शब्दों के विपरीतार्थक दीजिए । (एक से अधिक शब्द मत दीजिए ।)

(i) क्षमता (ii) कृतज्ञता (iii) उपलब्ध (iv) निर्दोष (v) राजा (vi) जीवन

Use the following phrases in sentences of your own :— [4]

नीचे लिखे मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए :—

(i) आँखों पर पर्दा पड़ना

(ii) घर का दीपक

(iii) अंकुर फूटना

(iv) आँखें खुलना ।

Rewrite the following sentences as instructed :— [3]

निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार दुबारा लिखिए :—

(i) रोम का राजा भीषण रोग से पीड़ित हो गया ।

(.................................................................... कर दिया ।)

(ii) राजा के रोग से सारे देश में उदासी छा गई ।

(राजा के रोग ने .................................................... कर दिया ।)

(iii) एक विशेष औषधि के सेवन से आपके रोग का निदान सम्भव है ।

(....................................................................................................

.................................................................... निदान कर सकता है ।)